>

Title: Need to expedite construction of Sambhal-Gajraula via Hasanpur railway line in Uttar Pradesh.

**डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क (सम्भल):** मैं सरकार का ध्यान सम्भल-गजरौला वाया हसनपुर प्रस्तावित रेल लाइन पर अभी तक किसी भी प्रकार का काम नहीं होने की ओर दिलाना चाहता हूं। मैं पिछले 5 सालों से इस जरूरी रेलवे लाइन की मांग करता आ रहा हूं और सरकार हर रेल बजट में इस रेलवे लाइन का प्रस्ताव पास कर देती है। लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि यह प्रस्ताव सिर्फ कागजों पर ही रह जाता है। इस रेलवे लाइन का न तो अभी सर्वे ही मुकम्मल हुआ है और न कोई बजट मुकर्रर किया गया है। अगर अभी तक इस लाइन पर कुछ काम हुआ है तो सरकार उससे अवगत कराए। लाखों लोग इससे उम्मीद लगाए बैठे हैं। इस रेलवे लाइन का जनहित में जल्द से जल्द बनना बेहद जरूरी है। अतः सरकार से गुजारिश है कि वह इस रेलवे लाइन का काम तेजी से शुरू करवाने की मेहरबानी करें।